हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 26 जून 2026




तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री

यह केवल ईंट गारे का भवन नहीं विद्या का मंदिर हैः सांगवान





## खबर संक्षेप

### एलटीटी-शालीमार में अतिरिक्त एसी-3 कोच

**रायगढ़।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 18030/18029 शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में दिनांक 27 जून से 03 जुलाई तक तथा गाड़ी संख्या 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में दिनांक 29 जून से 0 5 जुलाई तक उपलब्ध रहेगी ।

### 131 लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त

**रायगढ़।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5 थाना क्षेत्रों से 131 लीटर से अधिक अवैध महुआ, देशी और अंग्रेजी शराब जब्त की है। कार्रवाई के दौरान सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि शराब तस्करी में प्रयुक्त दो वाहनों को भी जब्त किया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार थाना छाल, तमनार, चक्रधरनगर, कोतरारोड़ तथा चौकी खरसिया पुलिस ने अलग.अलग स्थानों पर एक साथ दबिश देकर यह कार्रवाई की। सबसे बड़ी कार्रवाई छाल थाना क्षेत्र में हुई, जहां दो अलग-अलग मामलों में कुल 65 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। ग्राम हाटी में सियान सिंह राठिया के कब्जे से 25 लीटर तथा ग्राम खर्रा कटेलपारा में हिरमेत बाई धनवार के पास से 40 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। वहीं तमनार थाना पुलिस ने ग्राम खुरूसलेगा में दबिश देकर कार्तिक टोप्पो के कब्जे से 22 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब बरामद की। वहीं चक्रधरनगर पुलिस ने ग्राम सियारपाली में कार्रवाई करते हुए राजकुमारी चौहान के पास से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर उसे गिरफ्तार किया। इसके अलावा कोतरारोड़ थाना पुलिस ने खैरपुर जिंदल पार्किंग रोड के पास ठेले में अवैध शराब बेच रही एक महिला को पकड़ा।

### मां की हत्या करने वाले पुत्र को आजीवन कारावास

**सक्ती।** मां की हत्या करने वाले पुत्र को आजीवन कारावास एवं एक हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। उक्त फैसला प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सक्ती प्रशांत कुमार शिवहरे ने सुनाया है। अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार 29 मई 2025 को थाना डभरा के डायल-112 में पदस्थ आरक्षक रंजीत जांगड़े को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रेडा में एक महिला की उसके पुत्र द्वारा हत्या कर दी गई है। सूचना पर थाना डभरा के उप निरीक्षक सी.पी. कंवर, सहायक उप निरीक्षक हरनारायण ताम्रकर एवं अन्य पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान पाया गया कि मृतिका लक्ष्मीन बाई कुर्रे (45 वर्ष) की उसके पुत्र डमरुधर कुर्रे द्वारा ईंट से हमला कर हत्या कर दी गई थी। विवेचना में यह तथ्य सामने आया कि घटना के दिन आरोपी डमरुधर कुर्रे ने अपने मित्र संजय वारेन के साथ शराब का सेवन किया था। इसी दौरान उसने अपनी मां लक्ष्मीन बाई को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया, जिससे आक्रोशित होकर उसने सीमेंट की ईंट के टुकड़े से मृतिका के सिर एवं चेहरे पर कई बार वार किया। गंभीर चोटों के कारण लक्ष्मीन बाई की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी डमरुधर कुर्रे को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों के कथनों एवं अन्य परिस्थितिजन्य तथ्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी डमरुधर कुर्रे को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के अंतर्गत हत्या का दोषी पाया। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सक्ती प्रशांत कुमार शिवहरे ने आरोपी को आजीवन कारावास एवं एक हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया। अर्थदण्ड अदा न करने की स्थिति में आरोपी को 6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताने का दंडादेश दिया गया है।

### 15 जून को तमनार कृषि विभाग की टीम ने की थी कार्रवाई

# सक्ती का व्यापारी तमनार में खपा रहा था नकली डीएपी खाद, जब्ती के बाद एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

डीएपी खाद की कमी के बीच मुनाफाखोरी का एक मामला सामने आया है। सक्ती जिले का एक खाद व्यापारी रायगढ़ जिले के तमनार क्षेत्र में कथित रूप से नकली डीएपी खाद की आपूर्ति कर रहा था। कृषि विभाग की कार्रवाई में खाद जब्त किए जाने के बाद अब संबंधित व्यापारी के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई है। उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3 और 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

■ दो किसानों को करीब 50 बोरी खाद की गई थी सप्लाई

जानकारी के अनुसार, 15 जून को वाहन क्रमांक सीजी 11 एबी 3152 से अवैध रूप से खाद परिवहन किए जाने की सूचना पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उदित नारायण नगायच के नेतृत्व में कृषि विभाग तमनार की टीम ने कार्रवाई की। जांच के दौरान ग्राम भालूमुड़ा निवासी किसान डमरु पटेल के घर पर वाहन चालक भुनेश्वर रात्रे करीब 50 बोरी डीएपी खाद उतारते पाया गया। मौके पर चालक और किसान से खाद खरीदी संबंधी बिल अथवा अन्य दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ में बताया गया कि खाद की आपूर्ति सक्ती जिले के बाराद्वार स्थित वीरु कृषि केंद्र के संचालक विकास कुमार अग्रवाल द्वारा की जा रही थी। जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित व्यापारी के पास रायगढ़ जिले में खाद विक्रय करने का न तो लाइसेंस था और न ही कोई वैध अनुमति, जिससे अवैध बिक्री की पुष्टि हुई।

कृषि विभाग ने खाद को जब्त कर तमनार सेवा सहकारी समिति में सुरक्षित रखवा दिया, जबकि परिवहन में प्रयुक्त वाहन को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।



#### जांच में नकली निकला खाद

कार्रवाई के दौरान अधिकारियों को खाद की गुणवत्ता पर भी संदेह हुआ। इसके बाद खाद के नमूने लेकर परीक्षण के लिए रायपुर स्थित प्रयोगशाला भेजे गए। जांच रिपोर्ट में नमूना मानकों पर खरा नहीं उतरा और खाद नकली पाया गया। इससे स्पष्ट हुआ कि किसानों को नकली डीएपी खाद की आपूर्ति की जा रही थी। कृषि विभाग ने इसे किसानों के साथ धोखाधड़ी और नकली खाद विक्रय का गंभीर मामला मानते हुए वीरु कृषि केंद्र, बाराद्वार (जिला सक्ती) के संचालक विकास कुमार अग्रवाल के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मामले की जांच जारी है।

### इंस्टाग्राम से दोस्ती के बाद शादी का झांसा युवती से दुष्कर्म

**रायगढ़।** सोशल मीडिया के जरिए हुई पहचान के बाद विवाह का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में महिला थाना पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय युवती ने 23 जून को महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि अक्टूबर 2025 में उसकी पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से राजेश मिरधा नामक युवक से हुई थी। दोनों के बीच लगातार बातचीत होने लगी और समय के साथ दोनों एक.दूसरे को पसंद करने लगे। मामला इतना आगे बढ़ा कि दोनों परिवारों के बीच विवाह को लेकर चर्चा भी हुई और आरोपी के परिजन युवती के घर रिश्ता लेकर पहुंचे थे। 11 जनवरी 2026 को आरोपी युवती को अपने घर ग्राम सराईपाली लेकर गया। वहां उसने विवाह करने का भरोसा दिलाते हुए अपने कमरे में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।

## 10 किलो गांजा तस्करी मामले में आरोपी को 5 साल की सजा, 50 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

करीब ढाई वर्ष पुराने गांजा तस्करी के मामले में न्यायालय ने दोषी पाए गए आरोपी को पांच वर्ष के कठोर कारावास और 50 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपी को जनवरी 2024 में वाहन चेकिंग के दौरान 10 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया था।

अपर लोक अभियोजक तन्मय बनर्जी के अनुसार 22 जनवरी 2024 को ग्राम पेकिन वनोपज बैरियर के पास पुलिस द्वारा वाहन जांच की जा रही थी। इसी दौरान बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल क्रमांक ओडी.03.एल.6744 में सवार एक युवक को रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान उसके पास मौजूद काले और लाल रंग के बैग से कुल 10 पैकेट गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने सभी पैकेटों को खोलकर जांच कीए जिसमें प्रत्येक पैकेट का वजन लगभग 1.020 किलोग्राम पाया गया। इसे तौलने पर कुल 10 किलोग्राम गांजा बरामद हुआए जिसकी बाजार कीमत करीब 1 लाख रुपए आंकी गई। इसके साथ ही गांजा परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुशांत प्रधानी 25 वर्ष निवासी अंतरला, थाना देवगांव, जिला बलांगीर के रूप में हुई थी। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया था कि उसने मोटरसाइकिल अपने मित्र दुर्योधन पंडा से ली थी और गांजा बिलासपुर में अपने परिचित व्यक्ति के पास पहुंचाने जा रहा था। आरोपी ने बरामद गांजा अपना होना भी स्वीकार किया था। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया था। विवेचना पूरी होने के बाद न्यायालय में चालान पेश किया गयाए जहां सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार दिया। न्यायालय ने आरोपी सुशांत प्रधानी को पांच वर्ष के कठोर कारावास तथा 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।




## 50 दिन की जंग जीतकर नवजात ने ली नई जिंदगी की सांस, उम्मीद छोड़ चुके मां-पिता को मिला सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासकीय मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध अस्पताल रायगढ़ के चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ ने एक गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशु को नया जीवन देकर सेवा और समर्पण की मिसाल पेश की है। समय से पहले जन्मे और जन्म के बाद कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे शिशु का करीब 50 दिनों तक लगातार इलाज किया गया, जिसके बाद उसे पूरी तरह स्वस्थ अवस्था में उसके माता-पिता को सौंप दिया गया।

जानकारी के अनुसार जूटमिल निवासी दंपति के यहां गर्भावस्था के 33वें सप्ताह में बच्चे का जन्म हुआ था। जन्म के समय उसका वजन महज 1.7 किलोग्राम था। जन्म लेते ही उसे सांस लेने में गंभीर परेशानी होने लगी और बार-बार दौरे पड़ने लगे। जांच में फेफड़ों में रक्तस्राव, गंभीर संक्रमण और निमोनिया जैसी जटिल स्थितियां सामने आईं। हालत नाजुक होने के कारण नवजात को तत्काल नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में भर्ती कर वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। चिकित्सकों ने लंबे समय तक गहन निगरानी में रखकर उपचार किया। इलाज के दौरान कई बार रक्त और प्लाज्मा चढ़ाना पड़ा, वहीं संक्रमण पर नियंत्रण के लिए विशेष दवाओं का सहारा लिया गया। धीरे-धीरे स्वास्थ्य में सुधार आने पर शिशु को वेंटिलेटर से हटाकर अन्य श्वसन सहायता प्रणाली पर रखा गया। उपचार के दौरान उत्पन्न पीलिया जैसी जटिलता का भी सफलतापूर्वक इलाज किया गया। चिकित्सकों के अनुसार एक समय ऐसा भी आया जब बच्चे की हालत बेहद गंभीर हो गई थी और परिजन लगभग उम्मीद छोड़ चुके थे। इसके बावजूद एनआईसीयू की टीम लगातार उपचार में जुटी रही। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की मेहनत रंग लाई और शिशु ने धीरे-धीरे दूध पीना शुरू किया, उसका वजन बढ़ा और सामान्य गतिविधियां विकसित होने लगीं। करीब 50 दिनों तक चले उपचार के बाद नवजात को स्वस्थ घोषित कर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

चिकित्सकों ने बताया कि डिस्चार्ज के समय बच्चा पूरी तरह स्थिर था, उसे दौरे नहीं आ रहे थे और वह सामान्य वातावरण में पर्याप्त ऑक्सीजन स्तर बनाए हुए था। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि इस जटिल उपचार के दौरान लगने वाले रक्त, प्लाज्मा और अन्य सभी चिकित्सीय सुविधाओं का खर्च अस्पताल द्वारा वहन किया गया। निजी अस्पतालों में ऐसे उपचार पर लाखों रुपये खर्च हो सकते थे, जबकि यहां परिवार को पूरी सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। अस्पताल प्रशासन ने इस सफलता का श्रेय एनआईसीयू टीम, चिकित्सकों, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ की मेहनत, सतत निगरानी और टीमवर्क को दिया है, जिनके प्रयासों से एक नन्हीं जिंदगी को नया जीवन मिल सका।



उम्मीद छोड़ चुके थे माता-पिता, डॉक्टरों ने बचा ली नन्ही जान

## मितानिन संघ ने सौंपा ज्ञापन, एनएचएम में समायोजन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर गुरुवार को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ ने सरकार से चुनाव के दौरान किए गए वादों को जल्द अमल में लाने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि मांगों की अनदेखी होने पर आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। मितानिन संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि प्रदेशभर में मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें अपेक्षित सुविधाएं और सुरक्षा नहीं मिल पा रही है। उनका कहना है कि विधानसभा चुनाव के दौरान इन कर्मचारियों के हित में कई घोषणाएं की गई थीं, लेकिन अब तक उन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञापन में कर्मचारियों ने अपने मानदेय में 50 प्रतिशत बढ़ोतरी करने और सभी वर्गों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत समायोजित करने की मांग प्रमुखता से उठाई है। उनका कहना है कि इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। संघ ने यह भी मांग की है कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन में ठेका व्यवस्था को समाप्त किया जाए। उनका तर्क है कि लंबे समय से कार्यरत कर्मियों को उनके अनुभव और सेवाओं के आधार पर स्थायित्व दिया जाना चाहिए। इससे कर्मचारियों में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी और वे अधिक प्रभावी ढंग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे। मितानिन संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि सरकार जल्द उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।



#### लंबित मांगों को किया जा रहा नजरअंदाज

उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान कर्मचारियों का समर्थन लेने के बाद उनकी मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। लगातार कई बार आवेदन के माध्यम से लंबित मांगों को पूरा करने को लेकर शासन प्रशासन से अनुनय विनय किया गया, लेकिन अब तक जमीनी स्तर पर इन मांगों को शासन ने पूरा नहीं किया है। संघ ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशभर में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## जमीन विवाद में मारपीट और तोड़फोड़, 9 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और बलवा करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त क्रेटा कार और डंडा भी जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम बरखोरिया निवासी पुष्पा यादव ने 22 जून को थाना लैलूंगा में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उनके परिवार ने वर्षों से कब्जे में रही कृषि भूमि पर इस वर्ष भी धान की बुआई की थी। इसी दौरान दोपहर करीब दो बजे कुछ लोग खेत में पहुंचकर जबरन जोताई और बुआई करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने कथित रूप से एकजुट होकर प्रार्थिया के घर और आंगन में घुसकर हंगामा किया। इस दौरान छप्पर और घरेलू सामान में तोड़फोड़ की गई तथा गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई। आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। मामले की गंभीरता को देखते हुए लैलूंगा पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की जानकारी मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने थाना प्रभारी को आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

### जल निकासी व्यवस्था पर उठे सवाल, आधे-अधूरे सफाई अभियान से बढ़ी चिंता

# निगम के सफाई दावों की खुली पोल, कचरे से पटे नाले बढ़ा रहे जलभराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मानसून की शुरुआत के साथ ही रायगढ़ शहर में जल निकासी व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ने लगी है। नगर निगम द्वारा शहर के नालों और नालियों की सफाई पूरी होने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्थिति इन दावों की हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। शहर के कई प्रमुख नालों में अब भी कचरा, गाद और जलकुंभी का जमाव देखा जा सकता हैए जिससे आने वाले दिनों में भारी बारिश के दौरान जलभराव की आशंका बढ़ गई है।

शहर के कंदाईजोर नाले की स्थिति निगम की तैयारियों पर सवाल खड़े कर रही है। यहां नाले के एक हिस्से में सफाई कार्य किया गया हैए जबकि दूसरे हिस्से में अब भी बड़ी मात्रा में कचरा और गाद जमा है। नाले में प्लास्टिक, घरेलू कचरा और अन्य अपशिष्ट साफ तौर पर दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा जिस जगह पर नालों की सफाई की गई है वह भी आधी अधूरी है। कुछ मोहल्ले वासियों ने बताया कि कुछ दिन पहले निगम के सफाई कर्मी आए थे, करीब एक से डेढ़ घंटे तक नालों की सफाई भी हुई, लेकिन उसने मौजूद गाद और जलकुंभी सहित कचरों को नहीं हटाया गया है। नालों के पानी की सफाई के लिए बनाए गए एसटीपी के पास काफी मात्रा में कचरा जमा हुआ है। ऐसे में यदि लगातार बारिश होती है तो नाले की जल निकासी क्षमता प्रभावित हो सकती है और पानी आसपास की बस्तियों की ओर रुख कर सकता है। बीते दिनों हुई कुछ घंटों की बारिश ने भी नगर निगम की तैयारियों की पोल खोल दी थी। शहर के कई हिस्सों में नालों का गंदा पानी सड़कों पर बहता नजर आया। वहीं रेलवे अंडरब्रिज में भी पानी भर जाने से आवागमन प्रभावित हुआ था। इस दौरान एक व्यक्ति इसमें फंस कर गिर भी गया था जबकि निगम द्वारा अंडरब्रिज और आसपास के जल निकासी तंत्र की नियमित सफाई किए जाने का दावा किया जाता रहा है। पहली ही तेज बारिश में ऐसी स्थिति सामने आने से लोगों में निगम की कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष देखा जा रहा है। नगर निगम के अनुसार 1 अप्रैल से जून माह तक 2 बड़े और 2 छोटे पोकलेन मशीनों से नालों की सफाई कराई गई है। जिसमें भगवानपुर नाला ए कंदाईजोर, ढीमरापुर, रामभाटा, बापू नगर, लक्ष्मीपुर, चांदनी चौक, बालसमुद, चिरंजीवी दास नगर आदि इलाकों में सफाई पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही शहर के कई छोटे नालों की सफाई भी जारी है।



#### निचले इलाकों में जलभराव की समस्या

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के मौसम में निचले इलाकों में जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। इसके बावजूद इस बार भी कई मोहल्लों में छोटे नालों और नालियों की समुचित सफाई नहीं हो सकी है। कई स्थानों पर नालियों में गाद जमी हुई है, जिससे पानी के बहाव में रुकावट आने की संभावना बनी हुई है। लोगों का मानना है कि यदि समय रहते सफाई कार्य पूरा नहीं किया गया तो बारिश के दौरान हालात और गंभीर हो सकते हैं।

#### कागजी दावों से समस्या का नहीं होगा समाधान

केवल कागजी दावों और औपचारिक सफाई अभियानों से समस्या का समाधान नहीं होगा। मानसून के दौरान किसी भी आपदा जैसी स्थिति से बचने के लिए सभी बड़े और छोटे नालों की पूरी तरह सफाई, कचरे का निष्पादन तथा जल निकासी व्यवस्था की प्रभावी निगरानी आवश्यक है। यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में मूसलाधार बारिश के दौरान रायगढ़ के कई इलाकों में फिर से जलभरावए गंदगी और जनजीवन प्रभावित होने की स्थिति बन सकती है।

**खबर संक्षेप**

## बैंक व मुद्रा लिंकेज मेले में 2 सौ समूह की महिलाएं हुईं शामिल



**जशपुरनगर।** जनपद पंचायत मनोरा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत सभागार में विगत दिवस बैंक और मुद्रा लिंकेज मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड मनोरा के सभी बैंकों द्वारा 64 मुद्रा प्रकरण 56.40 लाख एवं बैंक लिंकेज लोन 75 समूह को 187.50 लाख की स्वीकृति व वितरण किया गया। उक्त मेले में 2 सौ महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य रंजीत भगत, अमीन खान, राकेश तिवारी, रघुनाथ राम जनपद पंचायत सीईओ मनोरा, रवि बघेल, श्री बिन्सेंट तिर्की, समस्त बैंक एवं सभी स्व सहायता समूह की दीदीयां की उपस्थित थीं।

## जिले में अब तक 0.5 मिमी औसत वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 1 जून से 25 जून 2026 तक 501.8 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 25 जून तक सामान्य औसत वर्षा 1211.6 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 0.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार है। तहसील जशपुर में 56.1 मिमी, मनोरा में 82.5 मिमी, कुनकुरी में 72.1 मिमी, दुलदुला में 32.1 मिमी, फरसाबहार में 35.1 मिमी, बगीचा में 24.3 मिमी, कॉंसाबेल में 71.5 मिमी, पत्थलगॉंव में 53.0 मिमी, सन्ना में 42.1 मिमी एवं बागबहार में 33.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 82.5 मिमी दर्ज की गई है। 25 जून को सर्वाधिक पत्थलगांव तहसील में 0.5 मिमी वर्षा हुई।

## छुट्टी पर घर आए सीआरपीएफ जवान ने लगाई फांसी

**अंबिकापुर।** छुट्टी पर घर लौटे सीआरपीएफ जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जवान को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। फिलहाल इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुंदीकला निवासी 25 वर्षीय राजाराम प्रजापति जम्मी कश्मीर में सीआरपीएफ में पदस्थ था। जवान कुछ दिनों पहले ही अवकाश पर अपने घर आया था। इस दौरान उसका पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान घर उसने घर के बाहर मौजूद आम पेड़ के सहारे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। युवक को फांसी पर झूलता देख पर परिजन ने उसे किसी तरह नीचे उतारा और उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन के अनुसार राजाराम ने वर्ष 2025 में भी कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया था। उस समय इलाज के बाद वह स्वस्थ होकर दोबारा ड्यूटी पर लौट गया था। उस दौरान उसने एक वीडियो जारी कर पत्नी और ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था।

## लहसुनपाठ में अवैध रूप से भंडारित 35 बोरी यूरिया जब्त

**शंकरगढ़।** किसानों के लिए निर्धारित उर्वरकों की कालाबाजारी एवं अवैध भंडारण पर रोक लगाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को मुखबिर से मिली सूचना के बाद ग्राम लहसुनपाठ में तहसील स्तरीय संयुक्त टीम द्वारा छापामार कार्रवाई की गई। जांच के दौरान टीम ने ग्राम लहसुनपाठ निवासी महेश राम नगेसिया के मकान का निरीक्षण किया, जहां चंबल फर्टीलाइजर्स कंपनी का नीम कोटेड यूरिया अवैध रूप से भंडारित पाया गया। मौके पर कुल 35 बोरी यूरिया बरामद हुआ, जिसे नियमानुसार जब्त कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ की गई। जांच के दौरान यह भी जानकारी प्राप्त हुई कि गांव के ही मनोहर यादव के यहां भी यूरिया का भंडारण किया गया है। सूचना के आधार पर टीम उनके निवास पर जांच के लिए पहुंची, किंतु मनोहर यादव एवं उनकी पत्नी घर छोड़कर चले गए थे।

### गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में हुआ दर्ज

# एक दिन में 766 गांवों में जन चौपाल लगाकर बनाया वर्ल्ड रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर पुलिस ने जिला प्रशासन के साथ जिले के विभिन्न थाना व चौकी क्षेत्रों में जन जागरूकता हेतु हेलमेट रैली निकाली। इसमें 10 हजार से अधिक नागरिकों की सहभागिता रही। वहीं एक दिन में 766 गांवों में जन चौपाल लगाकर वर्ल्ड रिकार्ड बना कर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज कराया।

हेलमेट जागरूकता हेतु मुख्यमंत्री सहित जिले के प्रभारी मंत्री, वरिष्ठ अधिकारीगण तथा विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी, कर्मचारी सहित 3 हजार से अधिक नागरिकों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया के माध्यम से हेलमेट पहनने की अपील की। वहीं जशपुर पुलिस ने यातायात जागरूकता लाने 60 हजार से अधिक आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस आयोजन का उद्देश्य जिले के प्रत्येक ग्राम के अंतिम व्यक्ति तक हेलमेट जागरूकता को पहुंचाना, लोगों के भीतर सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी व जागरूकता विकसित करना रहा। वाहन दुर्घटनाओं से होने वाले मौतों को कम करने के उद्देश्य से जशपुर पुलिस लगातार चला सड़क सुरक्षा जन जागरूकता अभियान रही है। अभियान के दौरान दो पहिया वाहन चालक एवं सवार को हेलमेट लगवाने विशेष प्राथमिकता रही। साथ ही चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, नशे में वाहन नहीं चलाने व यातायात नियमों के पालन हेतु भी जागरूक किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह ने इस उपलब्धि को अपने समस्त अधीनस्थों को समर्पित किया है। जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत एवं पुलिस विभाग के प्रति आभार व्यक्त कर विश्वास जताया है कि आने वाले दिनों में ग्राम स्तर पर किए गए जागरूकता से अधिकांश लोग हेलमेट लगाएंगे। इस संपूर्ण कार्यवाही में पुलिस विभाग के अलावा कलेक्टर जशपुर, सीईओ जिला पंचायत, सीईओ जनपद पंचायत, एसडीएम, पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि सरपंच, उप सरपंच, पंच, सचिवों का विशेष योगदान रहा।



### हासिल की है वैश्विक उपलब्धि

यातायात जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में जशपुर पुलिस ने वैश्विक उपलब्धि हासिल की है। हेलमेट जागरूकता अभियान में पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही पर लगातार निगाह रख परीक्षण उपरांत योग्य पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय जशपुर में आयोजित कार्यक्रम में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की राज्य प्रमुख सोनल राजेश शर्मा ने डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड का सर्टिफिकेट व मेडल प्रदान किया एवं जशपुर पुलिस द्वारा दुर्घटनाओं में मौतों को कम करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।

### 10 हजार से अधिक लोग हुए शामिल

अभियान की शुरूआत विगत 18 अप्रैल को रक्षित केन्द्र जशपुर से हेलमेट जागरूकता रैली निकालकर की गई थी। इसके बाद अलग-अलग समय में जिले के पत्थलगांव, कुनकुरी, बगीचा अनुविभाग मुख्यालय एवं विभिन्न थाना, चौकी क्षेत्रों में भी हेलमेट जनजागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें 10 हजार से अधिक लोग शामिल रहे।

### प्रत्येक गांव में होंगे सुरक्षा अधिकारी

जिले में पुलिस ने अपनी बीट प्रणाली को मजबूत तथा सुधार करते हुए प्रत्येक गांव में प्रभारी के रूप में किसी न किसी एक पुलिस अधिकारी, कर्मचारी को गांव का सुरक्षा अधिकारी नियुक्त किया है। उक्त अधिकारी, कर्मचारी उस गांव की सुरक्षा करने के साथ ही ग्रामीणों को हेलमेट पहनने जागरूक करेगा। इसके अलावा ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू होकर उसका निराकरण करने सतत प्रयासरत रहेगा।

### 5 हजार जशपुर पुलिस मितान नियुक्त

जशपुर पुलिस द्वारा ग्रामीणों एवं पुलिस के मध्य आपसी संबंध को मजबूत करने स्वयंसेवक के रूप में पुलिस मितान का गठन किया गया है। जिनकी संख्या लगभग 5 हजार है। वे भी ग्राम स्तर पर किसी अपराध में आरोपियों को पकड़ने एवं पुलिस के जन जागरूकता अभियान में बढ-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं।

# अवैध रेत भंडारण पर प्रशासन की कार्रवाई



**जशपुरनगर।** जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर जिला प्रशासन लगातार सख्ती बरत रही है। इसी क्रम में अवैध रेत डंप एवं रेत तस्करी संबंधी शिकायत पर खनिज विभाग द्वारा जांच एवं कार्रवाई की गई। जांच के दौरान बगीचा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गुडलू में 19 जून 2026 को 135 घनमीटर रेत का अवैध भंडारण पाया गया। खनिज विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भंडारित रेत को जब्त कर लिया तथा खान व खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज किया। कार्रवाई के दौरान अवैध रेत भंडारण के मामले में 40 हजार 780 रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। इसके अतिरिक्त अवैध रेत परिवहन के चार अलग-अलग प्रकरण दर्ज करते हुए 42 हजार 736 रुपए की राशि खनिज मद में जमा कराई गई।

### लगातार जारी रहेगा अभियान

सहायक खनिज अधिकारी जशपुर ने बताया कि जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी, ताकि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित हो सके तथा शासन को राजस्व की हानि न हो। जिला प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन या भंडारण की जानकारी मिले तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## कलेक्टर ने पीएमश्री विद्यालय पत्थलगांव का किया निरीक्षण

**पत्थलगांव।** जिला कलेक्टर ने पीएमश्री विद्यालय पत्थलगांव का निरीक्षण कर द सेकेण्ड ऑर्बिट पुस्तक का वितरण कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। जिला कलेक्टर ने आज पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पत्थलगांव का निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, स्मार्ट कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं शिक्षण व्यवस्था का अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

- द सेकेण्ड ऑर्बिट पुस्तक का वितरण कर विद्यार्थियों को किया प्रेरत

कार्यक्रम के दौरान भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के प्रेरणादायक अंतरिक्ष मिशन पर आधारित ब्रांडिंग अभियान के अंतर्गत द सेकेंड ऑर्बिट पुस्तक की 10 प्रतियां विद्यार्थियों को वितरित की गईं। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से कहा कि ऐसे प्रेरणास्त्रोत व्यक्तित्वों के जीवन से सीख लेकर विज्ञान, नवाचार एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने का संकल्प लें। इस अवसर पर पीएमश्री विद्यालय के शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त टॉप-5 मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया। इसके पश्चात स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, पत्थलगांव का भी निरीक्षण किया गया। विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन, स्वच्छता एवं अधोसंरचना का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि पीएमश्री विद्यालयों का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, नवाचार आधारित एवं भविष्य उन्मुख शिक्षा प्रदान करना है।



## जश-लर्न मिशन से गणित सीखेंगे सरकारी स्कूलों के बच्चे

**पत्थलगांव।** शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को गणित विषय में दक्ष बनाने तथा बुनियादी संख्यात्मक क्षमता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जश-लर्न मिशन के अंतर्गत विकासखंड पत्थलगांव में समस्त संकुल समन्वयकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि अब विद्यालय समय के बाद भी विद्यार्थी मोबाइल फोन के माध्यम से गणित की व्यक्तिगत कोचिंग प्राप्त करेंगे। जिससे कोई भी बच्चा गणित सीखने से वंचित नहीं रहेगा। यहां से पैरा बदल लें प्रशिक्षण में संकुल समन्वयकों को कार्यक्रम की कार्यप्रणाली, विद्यार्थियों के चयन, अभिभावकों की सहभागिता तथा मोबाइल आधारित शिक्षण प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति आत्मविश्वास विकसित करना, उनकी बुनियादी अवधारणाओं को मजबूत करना तथा सीखने के स्तर में उल्लेखनीय सुधार लाना है।

- मोबाइल बनेगा गुरु, संकुल समन्वयकों का हुआ प्रशिक्षण



### शिक्षा की दिशा में है महत्वपूर्ण कदम

कार्यक्रम में विश्वास व्यक्त किया गया कि जश-लर्न मिशन के प्रभावी संचालन से सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी गणित विषय में अधिक दक्ष बनेंगे। उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा तथा सीखने के परिणामों में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा। यह पहल विकासखंड पत्थलगांव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया तथा संकुल समन्वयकों को संबोधित करते हुए कहा कि जश-लर्न मिशन शिक्षा के क्षेत्र में एक अभिनव पहल है। इसके माध्यम से प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण गणित शिक्षा पहुंचाई जाएगी। उन्होंने सभी संकुल समन्वयकों को विद्यालयों की नियमित मॉनिटरिंग, विद्यार्थियों की प्रगति पर सतत निगरानी तथा कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिन्हा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके श्रीवास, तहसीलदार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार यादव, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बीआरसी तथा विकासखंड के समस्त संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

# नाबार्ड का जिला विकास प्रबंधक कार्यालय खुलने से किसानों को अब मिलेगी सुविधा

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक का स्वतंत्र कार्यालय बुधवार को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ किया गया। अब तक जिले में नाबार्ड के समस्त कार्य रायगढ़ स्थित जिला विकास प्रबंधक कार्यालय से समन्वित एवं संचालित किए जा रहे थे, क्योंकि जिला रायगढ़ से संबद्ध था।

- अधिकारी सामंतराय ने लाभार्थी किसानों से की चर्चा

स्वतंत्र कार्यालय प्रारंभ होने से अब किसानों को स्थानीय स्तर पर ही सुविधा मिल सकेगी। कार्यक्रम में नाबार्ड छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के वरिष्ठ अधिकारी बृजेन्द्र सामंतराय ने लाभार्थी किसानों से विस्तृत चर्चा की। नवनियुक्त जिला विकास प्रबंधक प्रेम प्रकाश सिंह ने जिले की संभावनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने विशेष रूप से बागवानी एवं अन्य संभावित आर्थिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला और बताया कि अब तक नाबार्ड द्वारा 12100 एकड़ क्षेत्र में वाड़ी फलोद्यान एवं अन्य कृषि आधारित गतिविधियों के माध्यम से 13 हजार से अधिक आदिवासी परिवारों, जिनकी जनसंख्या लगभग 1 लाख है, को लाभान्वित किया गया है। गत 5 वर्षों में सदस्य किसानों ने 100 करोड़ रुपए से अधिक का संचयी लाभ अर्जित किया है। जिसका वार्षिक औसत लगभग 25 करोड़ रुपए है एवं वार्षिक उत्पादन लगभग 9000 मीट्रिक टन है। जीवा परियोजना के अंतर्गत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु किसान प्राकृतिक आदानों के नए सूत्र विकसित कर रहे हैं। जिससे प्राकृतिक खेती के पुनरुद्धार की आशा बढ़ी है।



### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में नाबार्ड छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के वरिष्ठ अधिकारी बृजेन्द्र समांतराय, अग्रणी जिला प्रबंधक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक, बैंकर्स, कृषि विज्ञान केंद्र, विभिन्न विभागों के अधिकारी, किसान हितग्राही एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### सीईओ ने जारी की ऋण योजना

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने अग्रणी जिला प्रबंधक, नाबार्ड, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक, विभिन्न विभागों एवं कृषि विज्ञान केंद्र की उपस्थिति में नाबार्ड की संभाव्यता आधारित ऋण योजना जारी की। इस ऋण योजना आंकलन में नाबार्ड द्वारा कृषि क्षेत्र में 865 करोड़ रुपये के ऋण की संभाव्यता प्रक्षेपित की गई है। जिले में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में कुल ऋण की संभाव्यता 1428 करोड़ रुपए आंकी गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जिले में बागवानी विकास हेतु नाबार्ड के व्यापक हस्तक्षेप की सराहना की। उन्होंने नाबार्ड से सहमति व्यक्त की कि आगामी कदम के रूप में प्रसंस्करण क्षमता विकास को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इसके लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। अंत में वाड़ी, जलग्रहण क्षेत्र एवं जीवा परियोजना के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अग्रणी किसान लाभार्थियों को सम्मानित किया गया।


## दो गोदामों से 379 बोरी अवैध उर्वरक जब्त, संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

**अम्बिकापुर।** राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने विकासखंड बतौली अंतर्गत दो अलग अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई के दौरान अवैध रुप से भंडारित 379 बोरी रासायनिक उवरक जब्त किया है। सूचना के आधार पर बुधवार को कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ग्राम पोकसरी पहुंची एवं गांव के राम नरेश यादव के गहर कमरे में भंडारित उर्वरक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान घर के कमरे में वैध लाइसेंस के बिना 206 बोरी यूरिया, 92 बोरी एनपीके तथा 55 बोर डीएपी मिला। वैध दस्तावेज के आभाव में संयुक्त टीम ने अवैध रूप से भंडारित रुव्रक को जब्त करने की कार्रवाई की। जब्ती की कार्रवाई करने के उपरान्त संयुक्त टीम ग्राम मंगारी स्थित लक्ष्मी किराना स्टोर्स में दबिश दी. जांच में किराना दुकान में 21 बोरी यूरिया एवं 5 बोरी सिंगल सुपर फास्फेट अवैध रूप से भंडारित मिला। अवैध रूप से भंडारित उर्वरक को जब्त कर संबंधितों को सुपुर्द किया गया है। कार्रवाई में अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्रीमती अनीता एक्का, सहायक संचालक कृषि अभिषेक झा, उर्वरक निरीक्षक पवन साय भगत, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रविश गुप्ता, गब्बर सिंह नागवंशी, राजस्व निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, पटवारी अनुज सिन्हा शामिल थे।

## मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल से बोड़ालाता में बहाल हुई बिजली आपूर्ति

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय आम नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड कुनकुरी की ग्राम पंचायत दाराखरिका के आश्रित ग्राम बोड़ालाता में लंबे समय से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलकर विद्युत आपूर्ति पुनः सुचारू की गई। इससे बिजली संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है।

ग्राम पंचायत दाराखरिका के सरपंच द्वारा मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया गया था कि ग्राम बोड़ालाता में स्थापित ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण पूरे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। बिजली नहीं होने से ग्रामीणों को दैनिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र हाथी प्रभावित है तथा बरसात का मौसम प्रारंभ होने वाला है। ऐसे में अंधेरे के कारण जंगली हाथियों की गतिविधियों और विषैले जीव-जंतुओं से खतरा बढ़ने की आशंका है। ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए उन्होंने समस्या के शीघ्र निराकरण की मांग की। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश पर विद्युत विभाग ने त्वरित पहल करते हुए खराब ट्रांसफार्मर को बदल दिया। जिससे ग्राम बोड़ालाता में बिजली आपूर्ति पुनः बहाल हो गई है। विद्युत व्यवस्था सुचारू होने पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताया है। ग्रामीणों ने कहा कि मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के माध्यम से उनकी समस्या का त्वरित समाधान हुआ है। उल्लेखनीय है कि बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के माध्यम से आमजनों की समस्याओं के निराकरण की प्रभावी व्यवस्था बनाई गई है।



### संविधान हत्या दिवस पर निकाला गया मौन मशाल जुलूस

# आपातकाल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर गंभीर आघात : गोमती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल की स्मृति में संविधान हत्या दिवस के अवसर पर विधायक गोमती साय के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा मौन मशाल जुलूस निकाला गया। इस दौरान लोकतंत्र की रक्षा तथा संविधान के मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं ने आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय बताया।

विधायक गोमती साय ने कहा कि 25 जून 1975 को लागू किया गया आपातकाल लोकतांत्रिक अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर एक गंभीर आघात था। संविधान हत्या दिवस हमें उन घटनाओं की याद दिलाता है और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव सजग रहने की प्रेरणा देता है। मौन मशाल जुलूस में पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, आलोक सारथी, हरजीत सिंह भाटिया, अंकित बंसल, हेमंत बंजारा सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# बागबहार-कोतबा सड़क का निर्माण-कार्य प्रगति पर

**जशपुरनगर।** जिले के बागबहार-कोतबा मार्ग को बेहतर एवं सुरक्षित आवागमन के लिए चौड़ा और मजबूत बनाने का कार्य प्रगति पर है। इस महत्वाकांक्षी सड़क परियोजना के लिए राज्य शासन द्वारा 39.76 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुसार जारी है और विभाग द्वारा इसे शीघ्र पूर्ण कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग पत्थलगांव ने बताया कि बागबहार-कोतबा मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए 30 सितम्बर 2025 को ठेकेदार मेसर्स अभय कंस्ट्रक्शन जशपुर को कार्यादेश जारी किया गया था। निर्माण कार्य पूर्ण करने की समय-सीमा अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। वर्तमान में निर्माण एजेंसी द्वारा लगभग 10 किलोमीटर लंबाई में सबग्रेड स्तर तक चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वहीं बागबहार की ओर से जीएसबी (ग्रेन्युलर सब-बेस) कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिसमें लगभग एक किलोमीटर हिस्से में जीएसबी कार्य पूरा हो चुका है। इसके अलावा मार्ग पर 6 पुलियों का निर्माण भी पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष कार्य निरंतर प्रगति पर है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्माण अवधि के दौरान आवागमन को यथासंभव सुगम बनाए रखने के लिए मार्ग के गड्ढों की अस्थायी मरम्मत की जा रही है।



# धर्मन - द डेडली डॉक्टर में खतरनाक अवतार में दिखेंगे रजनीकांत...

**नई दिल्ली।** कमल हासन की राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल ने रजनीकांत की मचअवेटेड फिल्म 'धर्मन - द डेडली डॉक्टर' का फर्स्ट-लुक पोस्टर जारी किया है। पोस्टर देखकर बहुत ज्यादा कुछ तो रिवील नहीं हुआ। लेकिन, बहुत कुछ दिखाने के बजाय, यह उस एक चीज पर फोकस करता है जिसने कई पीढ़ियों से फैंस को जोड़े रखा है और वह है रजनीकांत का जबरदस्त और प्रभावशाली व्यक्तित्व। इसमें रजनीकांत को डॉक्टर के अवतार में दिखाया गया है। उनके खून से सने हाथों में एक स्कैल्पल उनके चेहरे की हल्की मुस्कान, खास तरह का चश्मा और ऑपरेशन थिएटर का बैकग्राउंड एक ऐसे किरदार की ओर इशारा करते हैं जिसमें अधिकार और रहस्य दोनों तरीके की बातें छुपी हुई हैं।

लाइफ Style

# भूमि
## दो हफ्ते के लिए बनीं फॉर्म गर्ल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भूमि पेडनेकर हाल ही में अपने छोटे से हॉलीडे का भरपूर आनंद लेती नजर आईं, जहां वह खेत-खलिहान, प्रकृति की गोद में और बकरियों के बच्चे के साथ वक्त बिताते नजर आए। भूमि पेडनेकर पूरी तरह ऑर्गेनिक माहौल के बीच सुकून भरे पल बिताती दिखीं।

भूमि पेडनेकर हाल ही में अपने व्यस्त कार्यक्रम से कुछ समय निकालकर प्रकृति के बीच सुकून भरे पल बिताती दिखीं। उन्होंने दो सप्ताह एक फार्म पर गुजारे, जिसे उन्होंने अपना घर से दूर दूसरा घर बताया। भूमि ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस ग्रामीण जीवन की कई झलकियां शेयर की और फैन्स को प्रकृति, घर में उगाए गए ताजा भोजन और फार्म के जानवरों से घिरे अपने जीवन की एक झलक दिखाई। अपने ट्रिप का एक वीडियो मोंटाज शेयर करते हुए भूमि ने कैप्शन में लिखा, 'मैं और मैं, दो हफ्ते तक एक फार्म गर्ल बनकर रही और यह अनुभव बेहद खास रहा। यह मेरा घर से दूर दूसरा घर है, जहां मैं प्रकृति और अपनी पसंदीदा चीजों से घिरी रही।' मैं और मैं। मैंने दो हफ्ते फार्म गर्ल बनकर बिताए और ये बहुत ही शानदार था। मेरा दूसरा घर, प्रकृति से घिरा हुआ और वो सब कुछ जो मुझे पसंद है। अनु मां, लव यू। पोस्ट के शुरुआत एक तस्वीर से होती है, जिसमें भूमि एक प्यारे सफेद बकरी के बच्चे को गोद में लिए हुए नजर आ रही हैं। काले रंग के एथलीजर परिधान में सजी एक्ट्रेस मुस्कुराते हुए उसके साथ पोज देती दिखीं। एक अन्य वीडियो में भूमि हरे-भरे जंगल के रास्तों पर ट्रेकिंग करती दिखाई देती हैं।




हॉलीवुड मसाला



# अलग अवतार में दिखेंगे टॉम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज ने सिनेमा के सबसे बड़े एक्शन स्टार्स में से एक के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। मगर इस बार वह अपकमिंग फिल्म 'डिगर' में एक बिल्कुल अलग अवतार में दर्शकों को हैरान करने के लिए तैयार हैं। इसमें उनके टैलेंट का एक नया और अनोखा पहलू देखने को मिलेगा। मंगलवार को, ऑस्कर विजेता फिल्ममेकर एलेजांद्रो गोंजालेज इनारितु की नई ब्लैक कॉमेडी फिल्म 'डिगर' से जुड़े वीडियो और तस्वीरें सामने आईं।



# लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल में दिखाई जाएगी शोले...

**मुंबई।** रमेश सिप्पी द्वारा निर्देशित और संजीव कुमार, अमजद खान, हेमा मालिनी, धर्मेंद्र और जया जैसे सितारों से सजी फिल्म 'शोले' अब लंदन के मशहूर रॉयल अल्बर्ट हॉल में दिखाई जाएगी। इस फिल्म का संगीत आर.डी. बर्मन ने दिया था। लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल में ब्लॉकबस्टर फिल्म 'शोले' की एक खास स्क्रीनिंग होगी। इस शो की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि जब स्क्रीन पर फिल्म चल रही होगी, तब 'रॉयल फिलहारमोनिक कॉन्सर्ट ऑर्केस्ट्रा' आर.डी. बर्मन के शानदार संगीत का लाइव म्यूजिक बजाएगा। 10 अक्टूबर को होने वाले इस कार्यक्रम को 'फिल्म्स इन कॉन्सर्ट' नाम दिया गया है। दर्शकों को फिल्म का नया और साफ 4के वर्जन देखने को मिलेगा। इसमें वे सीन भी शामिल किए गए हैं, जिन्हें 1975 में भारतीय सेंसर बोर्ड ने काट दिया था। फिल्म को हॉल की बड़ी स्क्रीन पर हिंदी भाषा में ही दिखाया जाएगा।



# दुल्हनिया ले आएगी का आया फर्स्ट लुक

**मुंबई।** अभिनेत्री खुशाली कुमार की आगामी फिल्म 'दुल्हनिया ले आएगी' का फर्स्ट लुक पोस्टर बुधवार को जारी कर दिया गया है। इस पोस्टर में खुशाली कुमारी सजी-धजी दुल्हन के जोड़े में नजर आ रही हैं। इसके साथ ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। मेकर्स की ओर से जारी किए गए फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर में खुशाली कुमार दिखाई दे रही हैं। इस फर्स्ट लुक में खुशाली कुमार लाल रंग के लहंगे में नजर आ रही हैं। दुल्हन की तरह सजी-धजी खुशाली सिर पर मांग टीका और हाथों में चूड़ा पहने हुए हैं। इसके साथ ही वो आंखों पर काला चश्मा भी लगाए हुए हैं। इस पोस्टर में खुशाली पगड़ियों के ढेर के ऊपर लेटी हुई हैं। इसके साथ ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी घोषित कर दी है। 'दुल्हनिया ले आएगी'24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# वेलकम टू द जंगल का नया गाना रिलीज

**मुंबई।** मुंबई के एक मल्टीप्लेक्स में 'वेलकम टू द जंगल' फिल्म के गाने 'तेरा पैसा मेरा पैसा' के लॉन्च इवेंट में अक्षय कुमार, फरीदा जलाल, जैकलीन फर्नांडीस, जैकी श्रॉफ, परेश रावल, सुनील शेट्टी, राजपाल यादव, कीकू शारदा, विंदू दारा सिंह, डायरेक्टर अहमद खान और प्रोड्यूसर फिरोज़ ए. नाडियाडवाला और राकेश डांग शामिल हुए। इस इवेंट में अहमद खान की तारीफ की गई कि उन्होंने इतनी बड़ी स्टार-कास्ट वाली फिल्म को अच्छे से संभाला। गाना भी काफी मजेदार है। 'वेलकम टू द जंगल' बस दो दिन बाद रिलीज होने वाली है और इससे पहले इसका एक और गाना 'तेरा पैसा मेरा पैसा' रिलीज हो गया है। इस गाने में दिशा पाटनी और जैकलीन के साथ-साथ अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी की कॉमेडी भी देखने को मिलती है।

टीवी मसाला




# तुलसी के लिए बंद हुए शांति निकेतन के दरवाजे

**नई दिल्ली।** एकता कपूर के सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने नया मोड़ लिया है। कहानी दस साल आगे बढ़ गई है। इसकी चर्चा तो काफी वक्त से चल रही थी, मगर अब पुष्टि भी हो गई है। मेकर्स ने नया प्रोमो जारी किया है। इसमें दिखाया गया है कि शांति निकेतन में दीवार खिंच गई है। गौतम और करण पहले भी एक-दूसरे को पसंद नहीं करते थे, लेकिन अब एक-दूसरे की आवाज तक नहीं सुनना चाहते। शांति निकेतन बिखर गया है, जिसमें तुलसी विरानी को कदम रखने की इजाजत तक नहीं है। बालाजी टेलीफिल्म्स के इंस्टाग्राम अकाउंट से सीरियल का प्रोमो जारी किया गया है। इसमें दिखाया गया है कि तुलसी विरानी जेल से बाहर निकल रही है। हाथ में बैग थामे वह शांति निकेतन की तरफ लौटते हुए सोचती है, 'इतने साल हो गए अपने बच्चों से मिले हुए। अब वक्त आ गया है वापस उनके पास जाने का'। मगर, जैसे ही शांति निकेतन के कपाट खोलती है तो नजारा देखकर हैरान रह जाती है। शांति निकेतन के आंगन में लकीर खिंची है। एक तरफ गौतम खड़ा है और एक तरफ करण। दोनों के बीच तू-तू, मैं-मैं हो रही है। गौतम की आवाज तक करण नहीं सुनना चाहता। दोनों के बीच बहस हो रही है। इसी बीच दरवाजे पर तुलसी को देख करण झल्ला जाता है। वह कहता है, 'आप? अब किसको गोली मारने आई हैं। हर दिन मैंने यही दुआ मांगी कि आप जैसी मां किसी को न मिले'। करण की बातें सुनकर तुलसी हैरान रह जाती है।

## 16 साल बाद डॉक्टर बनकर लौटे करण

**नई दिल्ली।** करण सिंह ग्रोवर के सबसे यादगार किरदारों में से एक 'डॉक्टर अरमान' का है। 16 साल पहले आए शो 'दिल मिल गए' में उन्हें



इस रूप में बेहद पसंद किया गया था। अब हाल ही में वह अपने इस आइकॉनिक किरदार में एक बार फिर से अमोल परासर की हालिया रिलीज वेब सीरीज 'ग्राम चिकित्सालय' सीजन 2 में एक बार फिर से दिखाई दिए। ग्राम चिकित्सालय सीजन 2 का हाल ही में प्राइम वीडियो ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर नया प्रोमो शेयर किया है। इस प्रोमो में वह पिंक रंग की शर्ट पहनकर स्टेथोस्कोप लगाए एंट्री लेते हैं और डॉ. प्रभात और डॉ. गार्गी के मरीज का अपने अंदाज में इलाज करते हैं। वह प्रभात के मरीज को उसके बाद घर भेज देते हैं। 2 मिनट में हुए मरीज का इलाज देखकर हैरान डॉ प्रभात पूछता है, डॉ.साहब, आपका भटकंडी आने का इरादा है क्या? जिसका रिस्पांस करते हुए डॉ. साहब स्माइल करते हुए कहते हैं, 'नहीं डॉ. साहब मैं सिर्फ दिल में आता हूं..भटकंडी में नहीं।

# सिगरेट सूंघकर किशोर ने गाया था ये गाना राजेश की जोड़ी ने बनाया सुपरहिट

*__नई दिल्ली।__ हिंदी सिनेमा के दिग्गज गायक किशोर कुमार सिर्फ एक बेहतरीन सिंगर ही नहीं, बल्कि अपनी गायकी में भावनाओं को जी लेने वाले कलाकार भी थे। इसके साथ ही किशोर दा गायकी के दौरान कई अनोखे प्रयोग भी करते थे। वैसे भी उनके गाए कई गाने आज भी लोगों के दिलों में बसते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक सुपरहिट गीत को रिकॉर्ड करते समय किशोर कुमार ने ऐसा अनोखा तरीका अपनाया था, जिसे देखकर स्टूडियो में मौजूद हर शख्स हैरान रह गया था? करीब 49 साल पहले रिकॉर्ड हुआ यह गीत आज भी लोगों की आंखें नम कर देता है। इसकी रिकॉर्डिंग से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा आज भी म्यूजिक लवर्स के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।*

## त्याग के इस गाने के लिए चाहिए था अलग एहसास

यह किस्सा 1977 में रिलीज हुई फिल्म त्याग से जुड़ा है। फिल्म में राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर, प्रेम चोपड़ा और धीरज कुमार जैसे सितारे नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर एस.डी. बर्मन ने तैयार किया था। जब फिल्म के गानों की रिकॉर्डिंग चल रही थी, तब एस.डी. बर्मन चाहते थे कि सभी गाने किशोर कुमार ही गाएं। किशोर दा ने उनकी बात मान ली और फिल्म के गीतों को अपनी आवाज दी. लेकिन फिल्म का एक गाना ऐसा था, जिसके लिए उन्हें कुछ अलग महसूस करने की जरूरत थी। यह गाना था 'हम तुम तुम हम'।



## रिकॉर्डिंग के बीच मंगवाई सिगरेट, लेकिन जलाई नहीं

जब किशोर कुमार इस गीत की रिकॉर्डिंग के लिए स्टूडियो पहुंचे तो उन्होंने सबसे पहले पूछा कि क्या राजेश खन्ना वहां मौजूद हैं। जब उन्हें पता चला कि एक्टर स्टूडियो में नहीं हैं, तो उन्होंने एक स्पॉट बॉय को बुलाकर ट्रिपल 5 सिगरेट का पैकेट मंगवाया। स्टूडियो में मौजूद लोग यह देखकर हैरान रह गए कि आखिर रिकॉर्डिंग के दौरान सिगरेट की क्या जरूरत पड़ गई। लेकिन, असली हैरानी तो तब हुई जब किशोर कुमार ने सिगरेट का एक भी कश नहीं लिया। उन्होंने पूरा पैकेट हाथ में रखा, उसे बार-बार नाक के पास ले जाकर महसूस किया और उसी दौरान पूरे गाने की रिकॉर्डिंग कर दी।

# गद्दी है तो हम हैं, मिर्जापुर द मूवी के नए पोस्टर ने बढ़ाई हलचल...

**मुंबई।** ओटीटी की मोस्ट पॉपुलर सीरीज मिर्जापुर अब फिल्म के तौर पर बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है। ऐसे में 'मिर्जापुर द मूवी'को लेकर फैंस में जबरदस्त एक्साइटमेंट है। इन सबके बीच अब इसका टीजर भी रिलीज होने वाला है। वहीं, टीजर लॉन्च से पहले, मेकर्स ने मिर्जापुर द मूवी का एक शानदार नया पोस्टर जारी किया है फैंन्स को एक बार फिर 'मिर्जापुर' की दुनिया की झलक दिखाई है। मेकर्स द्वारा शेयर किए गए पोस्टर के बीच में वह मशहूर 'गद्दी' दिखाई गई है और उसके दोनों तरफ़ बंदूकें रखी हैं। यह तुरंत उन सत्ता की लड़ाइयों, दुश्मनी और ड्रामे की यादें ताजा कर देता है, जिन्होंने 'मिर्जापुर' को इतना मशहूर बनाया था। हालांकि, पोस्टर में फिल्म को लेकर कुछ भी खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन इससे एक बात जरूर क्लियर हो गई है कि मिर्जापुर की दुनिया बहुत बड़े लेवल पर वापसी के लिए तैयार है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया है, 'गद्दी है तो हम हैं' मिर्जापुर द मूवी का टीजर गुरुवार को रिलीज होगा। मिर्जापुर द मूवी केवल हिंदी और तेलुगु सिनेमाघरों में देखें। इस फ़िल्म के को-प्रोड्यूसर कासिम जगमगिया और विशाल रामचंदानी हैं और




इसे 4 सितंबर को दुनिया भर में बड़े पैमाने पर सिनेमाघरों में रिलीज़ किया जाएगा। बता दें कि अमेजन एमजीएम स्टूडियो और एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा पेश की जा रही 'मिर्ज़ापुर: द मूवी' का निर्देशन गुरमीत सिंह ने किया है, इसे पुनीत कृष्णा ने लिखा है, और एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने इसे प्रोड्यूस किया है। मिर्जापुर द मूवी की स्टार कास्ट की बात करें को इसमें जितेंद्र कुमार, रवि किशन, अभिषेक बनर्जी, रसिका दुग्गल, श्वेता त्रिपाठी, श्रिया पिलगांवकर, हर्षिता गौर, सुशांत सिंह, मोहित मलिक, शीबा चड्ढा, राजेश तैलंग, कुलभूषण खरबंदा, सोनल चौहान, प्रमोद पाठक और अनंगशा बिस्वास भी शामिल हैं।

## 200 फिल्मों के बाद बनी नेता, एक्शन ऐसा सिंघम को जाएंगे भूल

# भारतीय सिनेमा की लेडी अमिताभ, 13 में डेब्यू, 10वीं में छूटा स्कूल

*__नई दिल्ली।__ 13 साल की एक लड़की ने जब पहली बार कैमरे का सामना किया था, तब शायद उसे भी अंदाजा नहीं था कि एक दिन पूरा साउथ सिनेमा उसके नाम से गूंजेगा। पढ़ाई बीच में छूट गई, लेकिन सपनों की उड़ान नहीं रुकी। बड़े पर्दे पर उन्होंने सिर्फ रोमांटिक रोल ही नहीं किए, बल्कि ऐसे दमदार किरदार निभाए, जिन्होंने उन्हें बाकी फीमेल स्टार्स से अलग पहचान दिलाई। एक दौर ऐसा भी आया जब लोग फिल्म में हीरो से ज्यादा उनका इंतजार करते थे। यही वजह रही कि उन्हें 'लेडी सुपरस्टार' और 'लेडी अमिताभ' जैसे नाम मिले। आज हम बात कर रहे हैं विजया शांति की।*

## कल्लुकुल ईरम से की शुरुआत

विजया शांति ने बहुत कम उम्र में फिल्मी दुनिया में कदम रख लिया था। सिर्फ 13 साल की उम्र में उन्होंने तमिल फिल्म कल्लुकुल ईरम से अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद तेलुगु फिल्म खिलाड़ी कृष्णुडु में नजर आईं, जिसमें उनके साथ सुपरस्टार कृष्णा थे। फिल्मों में काम बढ़ता गया और इसी वजह से उनकी पढ़ाई पीछे छूट गई। वो 10वीं के बाद अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर सकीं, लेकिन फिल्मों में उन्होंने लगातार नई ऊंचाइयां हासिल कीं।





## आज भी कायम है क्रेज

भले ही विजया शांति अब फिल्मों में पहले की तरह नजर नहीं आतीं, लेकिन उनका स्टारडम आज भी बरकरार है। साउथ सिनेमा में उनका नाम उन चुनिंदा फीमेल स्टार्स में लिया जाता है, जिन्होंने अपने दम पर फिल्में हिट कराईं। 13 साल की उम्र से शुरू हुआ उनका सफर आज भी लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बना हुआ है।

## ताकत, हिम्मत और जज्बा आया नजर

विजया शांति का करियर चार दशक से भी ज्यादा लंबा रहा है। उन्होंने तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषा की 200 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। खास बात यह रही कि उन्होंने खुद को सिर्फ ग्लैमरस रोल तक नहीं रखा। कभी रोमांस से लोगों का दिल जीता तो कभी ऐसे किरदार निभाए जिनमें ताकत, हिम्मत और जज्बा साफ नजर आया।

## कैसे मिला लेडी अमिताभ का नाम?

80 और 90 के दशक में विजया शांति का स्टारडम अपने चरम पर था। कई फिल्मों में उनका रोल इतना दमदार होता था कि पूरी कहानी उन्हीं के इर्द-गिर्द घूमती थी। एक्शन सीन हो या पावरफुल डायलॉग, वह हर बार स्क्रीन पर छा जाती थीं। उनकी इसी इमेज ने उन्हें 'लेडी अमिताभ' का नाम दिलाया। बॉक्स ऑफिस पर भी उनकी फिल्मों ने शानदार कमाई की और कई रिकॉर्ड बनाए। अपने कॅरियर में उन्होंने नेशनल अवॉर्ड के साथ कई नंदी अवॉर्ड भी जीते।

## राजनीति में भी बनाई पहचान

फिल्मों में नाम कमाने के बाद विजया शांति ने राजनीति की राह चुनी। साल 1998 में उन्होंने बीजेपी के साथ अपना राजनीतिक सफर शुरू किया। बाद में तेलंगाना आंदोलन से जुड़ीं और 2005 में अपनी पार्टी 'तल्ली तेलंगाना' भी बनाई। कुछ समय बाद उनकी पार्टी का विलय टीआरएस में हो गया और वो तेलंगाना आंदोलन का बड़ा चेहरा बन गईं। 2009 में मेडक सीट से लोकसभा चुनाव जीतकर वह संसद पहुंचीं। इसके बाद उनका राजनीतिक सफर कई मोड़ों से गुजरा। कभी टीआरएस के साथ रहीं, कभी कांग्रेस में गईं और फिर बीजेपी में लौट आईं। साल 2023 में उन्होंने एक बार फिर कांग्रेस का हाथ थाम लिया।

## खबर संक्षेप

### कुष्ठ प्रभावितों के बच्चों को मिलेगा प्रशिक्षण

**सारंगढ़।** कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों एवं उनके बच्चों के पुनर्वास तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में विकासखंड सारंगढ़ ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 12 हितग्राहियों का चयन कर उनका प्रस्ताव छत्तीसगढ़ वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर चांपा को भेजा गया है। चयनित हितग्राहियों को विभिन्न आईटीआई ट्रेडों में 1 से 2 वर्ष का निःशुल्क प्रशिक्षण एवं निःशुल्क आवासीय छात्रावास सुविधा प्रदान की जाएगी। यह प्रशिक्षण राज्य एवं केंद्र शासन से मान्यता प्राप्त संस्थान द्वारा संचालित किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद शासकीय, अर्धशासकीय एवं निजी संस्थानों में रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।

### 475 लोगों का आयुर्वेद होमियोपैथी से उपचार

**रायगढ़।** पुसौर ब्लॉक के के चिखली बाजार में आयुर्वेद एवं होमियोपैथी चिकित्सा शिविर में आयोजन किया गया। शिविर में 405 लोगों का आयुर्वेद पद्धति से एवं 70 लोगों का होमियोपैथि पद्धति से उपचार किया गया वही 145 लोगों का रक्त परीक्षण किया गया।

### 30 तक ई-केवाईसी और रिकॉर्ड अपडेट का लक्ष्य

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के कल्याण और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक बड़ा अभियान शुरू किया गया है। श्रम विभाग द्वारा इस अभियान को 30 जून तक पूरा करने का लक्ष्य है। सभी पात्र श्रमिक समय सीमा के भीतर अपना सुधार कार्य अवश्य करा लें। अधिक जानकारी के लिए श्रम विभाग के कार्यालय या जनपद पंचायत के श्रम संसाधन केंद्र से सम्पर्क कर सकते हैं।
इसके तहत आधार आधारित ई केवाईसी प्रक्रिया प्रारंभ करने से पहले, सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के विवरण का आधार कार्ड के अभिलेखों के अनुसार सत्यापन और संशोधन किया जा रहा है। यह पूरी प्रक्रिया कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी के माध्यम से संचालित होगी। इस संशोधन प्रक्रिया के तहत पंजीकृत श्रमिकों को अपने मूल आधार कार्ड के साथ नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर में उपस्थित होना होगा। वहाँ संचालक वीएलईं ऑपरेटर द्वारा श्रमिक की पहचान का भौतिक सत्यापन किया जाएगा और पोर्टल के रजिस्ट्रेशन अपडेशन मॉडयूल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### वार्ड बॉय, आया भर्ती के लिए प्रमाण पत्रों का सत्यापन

**घरघोड़ा।** मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में 2017 वार्ड बॉय, वार्ड आया भर्ती प्रकिया अभी तक पूर्ण नहीं हुआ हैं। इसका लिखित एग्जाम 2017-18 में हो चुका और मेरिट सूची तैयार करके विभागीय दस्तावेज सत्यापन भी पूरा कर लिया हैं। 22 अगस्त 24 को मेडिकल कॉलेज रायगढ़ द्वारा एकजाई अनंतीम लिस्ट जारी किया उसके बाद भर्ती प्रक्रिया एकाकेक रुक गई थी उसके बाद याचिका दायरकर्ता द्वारा उच्च न्यायालय के शरण में जाने के पश्चात 11 सितंबर 2025 को डीन को तीन माह में भर्ती प्रकिया की पूर्ण करने का आदेश दिया गया था, उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार जनवरी 2026 तक पूरा हो जाना चाहिए था। परन्तु जून भी खत्म होने वाली हैं तहसील में जाति निवास, आय प्रमाण पत्र सत्यापन पूर्ण नहीं हुआ हैं उच्च न्यायालय के आदेश का पालन नहीं होने कारण अवमानना की स्थिति बनी हुई हैं।

### एसडीएम की अनुमति से मिलेगा डिब्बे में पेट्रोल

**सारंगढ़।** सरिया क्षेत्र में किसानों द्वारा डिब्बे में डीजल देने की मांग पर खाद्य अधिकारी ने जानकारी दी है किए जिले में कुल 42 पेट्रोल और डीजल की एजेंसी संचालित है। जिले के पेट्रोल पम्पों में 45 हजार 600 लीटर डीजल एवं 57 हजार 400 लीटर पेट्रोल भंडारित है जिसका वितरण उपभोक्ताओं को किया जा रहा है। एजेंसियों में पेट्रोल एवं डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसानों को कृषि कार्य किये जाने तथा विशेष सेवा जैसे अस्पताल आदि के लिए डिब्बे में एसडीएम की अनुमति पश्चात आवश्यकता अनुसार समस्त एजेंसियों से डीजल और पेट्रोल प्रदाय किया जा रहा है।

## बुड़िया में जिंदल द्वारा निर्मित नए प्राइमरी स्कूल भवन का किया गया लोकार्पण

# यह केवल ईंट गारे का भवन नहीं विद्या का मंदिर है: सांगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिंदल पावर तमनार द्वारा क्षेत्र के गांवों में सीएसआर के तहत विभिन्न प्रकार के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत बुड़िया में शासकीय प्राइमरी स्कूल के लिए नए भवन का निर्माण भी कराया गया है। इस नए भवन का लोकार्पण बुधवार 24 जून को किया गया।

बुड़िया के प्राइमरी स्कूल का भवन जर्जर होने के कारण गांव के जनप्रतिनिधियों ने जिंदल पावर से नए भवन की मांग की थी। जिंदल पावर द्वारा अपने सीएसआर एक्टिविटी के तहत उक्त स्कूल के लिए राषि स्वीक2त कर नया भवन बनवाया गया। लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि वीपी जेपीएल संदीप सांगवान थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक उपाध्यक्ष ऋशिकेष राय षर्मा ने की। विषिश्ट अतिथि बीईओ तमनार मोनिका गुप्ता, एबीईओ उत्तर कुमार सिदार, सरपंच भारती धुर्वे, जनपद सदस्य दिनेष बेहरा थे। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीपी संदीप सांगवान ने



संबोधित करते अतिथि और उपस्थित शिक्षक-शिक्षिका व ग्रामीण।

कहा कि नया भवन केवल ईंट गारे की बिल्डिंग नहीं बल्कि भारत के भविश्य को बनाने के लिए तैयार की गई ईमारत है। उन्होंने कहा कि जिंदल पावर और जिंदल फाउंडेशन द्वारा लगातार क्षेत्र में जरूरत के हिसाब से लोगों की मांग पर काम किया जा रहा है। उन्होंने भविश्य में भी और विकास कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई। बीईओ मोनिका गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के विकास में जिंदल प्रबंधन की भागीदारी प्रशंसनीय है, उन्होंने स्कूल की दीवारों में बच्चों की लर्निंग के लिए वाल पेंटिंग कराने का सुझाव भी दिया। जनपद सदस्य दिनेश बेहरा में

### स्कूल के ग्राउंड का होगा समतलीकरण

रामीणों ने प्राइमरी स्कूल परिसर के समतलीकरण की मांग की। सहायक उपाध्यक्ष ऋशिकेष शर्मा ने ग्रामीणों की मांग के अनुसार स्कूल के खेल मैदान का समतलीकरण कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बुड़िया में जिंदल फाउंडेशन द्वारा कई विकास कार्य कराए जा रहे हैं, इसी कड़ी में प्राइमरी स्कूल के लिए नया भवन ग्रामीणों की मांग पर किया गया है, आगे भी विकास कार्य कराए जाएंगे।

जिंदल फाउंडेशन द्वारा बुड़िया में बनवाए गए नए भवन के लिए जिंदल प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि क्षेत्र में जिंदल फाउंडेशन द्वारा सभी प्रकार के काम कराए जा रहे हैं। सरपंच भारती धुर्वे ने कहा कि जिंदल द्वारा बढ़िया स्कूल भवन बनवाया गया है। इसके अलावा विकास के अन्य कार्य भी जिंदल फाउंडेशन द्वारा स्वीकृत कराए गए हैं। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण, स्कूल स्टाफ और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र को कलेक्टर ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सामुदायिक स्वास्थ्य और सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र को 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' में उनके अनुकरणीय और उत्कृष्ट योगदान के लिए जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया है।

यह प्रतिष्ठित सम्मान जिला कलेक्टर रायगढ़ द्वारा प्रदान किया गया। एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र की ओर से यह सम्मान क्षेत्रीय महाप्रबंधक मनोज कुमार के प्रतिनिधि के रूप में डॉ. गजानंद, सहायक प्रबंधक सामुदायिक विकास सीडी ने प्राप्त किया। यह सम्मान एसईसीएल द्वारा निक्षय मित्र योजना के तहत टीबी मरीजों को गोद लेने, उन्हें पोषण किट उपलब्ध कराने और क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के निरंतर प्रयासों की सराहना में दिया गया है।

# पुनर्मूल्यांकन के बाद टॉप टेन में शामिल हो सकती हैं पूनम

**बरमकेला।** प्रतिभा, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का शानदार उदाहरण प्रस्तुत करते हुए मोना मॉडर्न स्कूल बरमकेला की छात्रा पूनम पटेल ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन परिणाम में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।



प्रारंभिक परीक्षा परिणाम में कुछ अंकों से प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान बनाने से चूक जाने वाली पूनम ने हार नहीं मानी और अपने प्रदर्शन पर भरोसा रखते हुए पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया। उनका यह निर्णय सही साबित हुआ और हिंदी विषय में 5 अंकों की वृद्धि के साथ उनका कुल प्राप्तांक 482 अंक हो गया। इसके साथ ही उनका प्रतिशत बढ़कर 96.40 हो गया है तथा वर्तमान मेरिट के अनुसार वे प्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान बनाने में सफल रही हैं। पूनम पटेल की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार और विद्यालय को गौरवान्वित किया है, बल्कि पूरे बरमकेला अंचल और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया है। उनकी सफलता से क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है तथा उन्हें लगातार बधाइयाँ मिल रही हैं। जानकारी के अनुसार, बिलाईगढ़ (ब) निवासी किशोर पटेल की पुत्री पूनम पटेल ने इस वर्ष आयोजित 12वीं बोर्ड परीक्षा में 500 में से 477 अंक प्राप्त किए थे। इस प्रदर्शन के आधार पर उन्होंने जिले में द्वितीय स्थान हासिल किया था। हालांकि हिंदी विषय में प्राप्त 69 अंकों से वे संतुष्ट नहीं थीं। उन्हें विश्वास था कि परीक्षा में दिए गए उत्तरों के अनुरूप उन्हें अधिक अंक मिलने चाहिए थे।

इसी विश्वास के आधार पर उन्होंने पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी पुनर्मूल्यांकन परिणाम में हिंदी विषय में उनके 5 अंक बढ़ गए, जिससे उनके हिंदी विषय के अंक 69 से बढ़कर 74 हो गए। इसके परिणामस्वरूप उनका कुल प्राप्तांक 477 से बढ़कर 482 अंक हो गया। वर्तमान में बोर्ड द्वारा जारी टॉप-10 सूची के अंकों के अनुसार 482 अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी प्रदेश में 10वें स्थान पर हैं। ऐसे में पूनम पटेल का नाम भी प्रदेश की मेरिट सूची में शामिल होना लगभग तय माना जा रहा है।

### कलेक्टर ने ली निर्माण एजेंसियों की बैठक

**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने नगर पंचायत सरिया के सीएमओ सहित जिले के लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा आरईंएस, पीएम ग्राम सड़क योजना, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अनुविभागीय अधिकारी, इंजीनियरों एवं उप अभियंताओं की बैठक लेकर जिले में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में निर्माण कार्यों की प्रगतिए गुणवत्ता एवं समय सीमा के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बरतने वाले इंजीनियरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए निलंबन की चेतावनी दी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले के विभिन्न निर्माण स्थलों पर श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि परियोजनाएं समय पर पूर्ण हो सकें।

## धरती आबा के लिए चिन्हित 17 ग्रामों के प्रत्येक घर में योजनाओं के लाभ का किया जाएगा डाटा संग्रह

**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू की अध्यक्षता में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में 17 ग्रामों के पंचायत सचिवों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी 17 ग्रामों में सर्वे कर वर्तमान जनसंख्या के अनुसार निर्धारित मापदण्ड अनुसार लक्ष्य निर्धारित कर 17 विभागों के 26 योजनाओं की सेचुरेशन पूर्ण करने के लिए प्रत्येक सचिव को प्रारंभिक डाटा संग्रह एक सप्ताह का समय देकर प्रत्येक परिवार का जानकारी संकलन करने हेतु निर्देशित किया गया।

तत्पश्चात प्रत्येक धरती आबा चिन्हित 17 ग्रामों में प्रत्येक आदिवासियों के घर की सत्यापन किया जाना अनिवार्य है। इन ग्रामों में 06 से 14 वर्ष के शालात्यागी बच्चों को चिन्हांकन कर स्कूल एवं छात्रावास, आश्रमों में प्रवेश कराने निर्देशित किया गया। इन 17 ग्रामों के आदिवासी महिलाओं एवं बच्चों के



कुपोषण की शत प्रतिशत जानकारी और उनको दिए जा रहे पोषण आहार तथा उनमें हो रहे सुधार की जानकारी संकलित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि धरती आबा योजना आदिवासी समुदायों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने का एक महत्वपूर्ण पहल है और इसके सफल संचालन के लिए प्रत्येक स्तर पर समन्वय आवश्यक है। धरती आबा अभियान का मुख्य उद्देश्य सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका जनजातीय क्षेत्रों एवं समुदायों का समग्र विकास करना है। अभियान के तहत जनजातीय बाहुल्य गांव में सभी शासकीय योजनाओं का लाभ पात्रता अनुसार पहुंचाया जाएगा। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के चिन्हित गांवों में बुनियादी सुविधा जैसे राशन कार्डए आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वन अधिकार पट्टा, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, मनरेगा, पेंशन, पीएम विश्वकर्मा योजना, महतारी वंदन योजना, टीकाकरण आदि शामिल है।

## माइनिंग विभाग ने की एक पोकलेन और 6 हाइवा जब्त

**सारंगढ़।** खनिज अमला द्वारा बीते 2 दिनों में जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के रोकथाम को लेकर कार्रवाई की गई है। सोमवार को सारंगढ़ तहसील क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान गौण खनिज साधारण रेत के अवैध परिवहन करते हुए 02 हाइवा वाहन क्रमांक सीजी-07-सीआर-7715 एवं सीजी-13-एक्यू-0321 पर कार्यवाही करते हुए थाना सारंगढ़ के सुरक्षार्थ में रखा गया है। इसी तरह मंगलवार को तहसील सारंगढ़ के अंतर्गत में पुनः निरीक्षण किया गया, जिसमें निरीक्षण के दौरान गौण खनिज चूनापत्थर के अवैध परिवहन करते हुए 02 हाईवा वाहन क्रमांक सीजी- 13- बीबी- 2721 एवं सीजी- 13- बीबी- 2321 पर कार्यवाही करते हुए थाना सारंगढ़ के सुरक्षार्थ में रखा गया। उप तहसील कोसीर क्षेत्र के ग्राम पंचायत पासीद में औचक निरीक्षण किया गया, जहां गौण खनिज साधारण रेत के अवैध उत्खनन में संलिप्त 01 पोकलेन मशीन पर जप्ती की कार्यवाही करते हुए ग्राम सरपंच के सुपूर्दगी में दिया गया तथा गौण खनिज साधारण रेत के अवैध उत्खनन में संलिप्त 02 हाईवा वाहन क्रमांक सीजी-06-एचडी-6457 एवं सीजी-11-बीके-6697 पर कार्रवाई करते हुए थाना कोसीर के सुरक्षार्थ में रखा गया।



## छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्षा ने लगाई बाल चौपाल

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के प्रवास के दौरान ग्राम भीखमपुरा स्थित सपेरा बस्ती का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने बाल चौपाल के माध्यम से बस्ती में निवासात बच्चों से भेंट एवं संवाद किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल तक पहुंचकर बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, भौतिक विकास, मानसिक विकार और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर समाज को मुख्यधारा से जोड़ना है।

- बच्चों को गुड टच एवं बैड टच के बारे में दी जानकारी

बाल चौपाल में अध्यक्ष द्वारा बालिकाओं को गुड टच एवं बैड टच के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई तथा बच्चों को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही बच्चों को किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि अथवा व्यवहार की जानकारी अपने अभिभावकों, शिक्षकों अथवा संबंधित अधिकारियों को देने हेतु प्रोत्साहित किया गया।संस्कृति एवं पारंपरिक कला के प्रति रूचि रखने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया तथा उन्हें अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त बच्चों एवं उनके अभिभावकों से चर्चा कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही उनके निराकरण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बाल विवाह, बाल श्रम जैसी कुप्रथा एवं नशीले पदार्थ से बच्चो को दूर रहने के निर्देश दिए गए।



## संकीर्तन बने कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के जिला उप संयोजक

**कटेली।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के संकीर्तन नंद को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, जिला सारंगढ़, बिलाईगढ़ का जिला उप संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के साथ ही जिले भर के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं संगठन से जुड़े पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

संकीर्तन नंद लंबे समय से शिक्षक हितों की लड़ाई को मजबूती से उठाते रहे हैं। अपनी सक्रिय कार्यशैली, संगठनात्मक क्षमता और प्रभावशाली नेतृत्व के दम पर उन्होंने प्रदेश स्तर पर एक अलग पहचान बनाई है। प्रदेश संयोजक के रूप में उन्होंने लगभग 1 लाख 8 हजार सहायक शिक्षकों का सफल नेतृत्व कर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इसके अलावा प्रदेश सलाहकार एवं प्रदेश महासचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का भी सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं।



जिले में भी उनके नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए तीनों ब्लॉकों के पदाधिकारियों ने उन्हें जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। उनके मार्गदर्शन में संगठन लगातार मजबूत हुआ और शिक्षकों की आवाज को मजबूती मिली। यही वजह है कि संगठन के प्रदेश एवं जिला नेतृत्व ने उन पर एक बार फिर विश्वास जताते हुए जिला उपसंयोजक जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश संयोजक कमल वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष रवीन्द्र राठौर, प्रदेश सचिव लैलून भारद्वाज एवं जिला संयोजक फकीरा यादव ने उनकी कार्यकुशलता, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है।

# छत्तीसगढ़ को बनाएंगे देश का नया टेक्सटाइल हब, हुआ भूमिपूजन

**रायगढ़।** नवा रायपुर अटल नगर में छत्तीसगढ़ को देश का नया टेक्सटाइल हब बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में आज साय सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया गया। नवा रायपुर अटल नगर के ग्राम कुरूं में स्विफ्ट टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड की नवीन वस्त्र निर्माण इकाई का भूमिपूजन छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के करकमलों से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सीएसआईडीसी चेयरमैन राजीव अग्रवाल उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कंपनी के प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। 235 करोड़ के।निवेश के साथ हजारों लोगों को रोजगार मिलने की जानकारी देते हुए उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि 235 करोड़ के निवेश से



विकसित होने वाली यह इकाई नवा रायपुर और प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विकसित छत्तीसगढ़ के विजन को धरातल पर उतारने का यह सशक्त उदाहरण है। छत्तीसगढ़ अब केवल खनिज और कृषि का प्रदेश नहीं रहेगा, हम इसे मैन्युफैक्चरिंग और टेक्सटाइल का हब भी बनाएंगे। ओपी चौधरी ने कहा कि नवा रायपुर अटल नगर को हम केवल प्रशासनिक राजधानी तक सीमित नहीं रखेंगे। इसे औद्योगिक, आईटी और टेक्सटाइल का केंद्र बनाएंगे। स्विफ्ट टेक्सटाइल जैसी कंपनियों का आना इस बात का प्रमाण है कि निवेशकों का छत्तीसगढ़ पर भरोसा बढ़ा है। यह इकाई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों युवाओं-महिलाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराएगी। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों की बहनों को घर के पास काम मिलेगा। स्किल डेवलपमेंट के साथ हम उन्हें आत्मनिर्भर बनाएंगे। वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा मिलेगा।

### 1.34 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो ड्रॉप

**रायगढ़।** बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन 28 से 30 जून तक किया जाएगा। तीन दिवसीय इस विशेष अभियान के तहत रायगढ़ जिले के शून्य से 5 वर्ष आयु वर्ग के 1 लाख 34 हजार 980 बच्चों को पोलियो वैक्सीन की दो बूंद पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान के दौरान जिले में कुल 1307 पोलियो बूथ, 19 ट्रांजिट टीम, 13 मेला एवं बाजार स्थल टीम, 25 मोबाइल टीम तथा 283 पर्यवेक्षक तैनात रहेंगे।

## नगरपालिका के निर्माणाधीन कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने नगरपालिका सारंगढ़ के विकास कार्यों का समीक्षा किया। कलेक्टर ने सारंगढ़ में सेन्ट्रल लाइब्रेरी निर्माण, मुड़ा तालाब में करोडों के विकास कार्य, इंडोर स्टेडियम के लिए पास समतलीकारण, साफ सफाई पर चर्चा लोहारीन डबरी, तुर्की तालाब, तिवारी तालाब और नया तालाब के विकास कार्य पर चर्चा कर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए आबादी क्षेत्र से दूर उपयुक्त स्थान का चयन करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू, एसडीएम वर्षा बंसल, लोक निर्माण विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ, सीएमओ ज्ञान पुंज कुलमित्र के साथ ठेकेदार गण उपस्थित थे। कलेक्टर ने ठेकेदारों को कहा जो ठेका लिया है वहीं ठेकेदार काम कराएगा। कोई पेटी ठेकेदार क्रो काम नहीं सौपेंगे। कलेक्टर ने 15वे वित्त, राज्य प्रवर्तित, डीएमएफ, अधोसंरचना मद, पीएचई द्वारा सारंगढ़ जल आवर्धन योजना अंतर्गत कुम्हार पारा में टंकी निर्माण आदि कार्य, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सहसपुर में आंगनबाड़ी और बाउंड्री वाल निर्माण, गधाभांठा, रानीसागर और बुटीपारा के आंगनबाड़ी केंद्र में बाउंड्री वाल निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट का अवलोकन कर सारंगढ़ में सीसी रोड और नाली निर्माणए भोजपुर में सामुदायिक भवन, कुटेला, जूनाडीह और चिंगरीपाली में मुक्तिधाम शेड निर्माण, सहसपुर में सांस्कृतिक भवन निर्माण, विद्युत खम्भा विस्तार कार्य, विशालपुर और प्रतापगंज स्कूल के पास रंगमंच निर्माण, 1 से 15 वार्ड तक एलईडी स्थापना आदि कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त